दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, गुरुवार 25 जुलाई 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 356.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 जुलाई तक 356.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 401 मिली मीटर, पुसौर में 401.2, खरसिया में 296.4, घरघोड़ा में 374.4, तमनार में 289.3, लैलूंगा में 329.2, मुकडेगा में 393.8, धरमजयगढ़ में 282.2 छाल में 374.7 एवं कापू में 423 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षक के लिए वॉक इन इंटरव्यू 31 जुलाई को

**रायगढ़।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) भोपाल म.प्र. द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय की गई है। इस केन्द्र में 01 प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक की नियुक्ति वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाएगी। इंटरव्यू 31 जुलाई 2024 को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई को सुबह 11.30 बजे तक अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त आवश्यक खेल प्रमाण-पत्र की मूल प्रति सहित कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल का कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### 26 जुलाई को धरमजयगढ़ में लगेगा लर्निंग लायसेंस के लिए शिविर

**रायगढ़।** लर्निंग लायसेंस बनाये जाने के लिए 26 जुलाई 2024 को धरमजयगढ़ के शासकीय आर्ट्स, साइंस एवं कॉमर्स कालेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। आवेदक लर्निंग लायसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मार्कशीट व पेनकार्ड के साथ उपस्थित हो सकते है। जिसके लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाईन आवेदन हेतु शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। इसी तरह परिवहन विभाग को ऑनलाईन फीस/टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लायसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्कैनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये तथा ऑनलाईन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आऊ ट शुल्क प्रति पेज 5 रुपये निर्धारित किया गया है जो सुविधा केन्द्र को देय होगा। इसके साथ ही लर्निंग लायसेंस हेतु 1 वर्ग के लिए निर्धारित शासकीय शुल्क -155.40 तथा लर्निंग लायसेंस हेतु 2 वर्ग के लिए निर्धारित शासकीय शुल्क-355.40 है। जनसामान्य नियत तिथि में लर्निंग लायसेंस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है।

### स्थायी लायसेंस परीक्षण कार्य होगा सप्ताह में तीन दिन

**रायगढ़।** जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ द्वारा स्थायी लायसेंस परीक्षण के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। अब से स्थायी लायसेंस परीक्षण का कार्य सप्ताह में सिर्फ तीन दिन होगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्थायी लायसेंस के स्लॉट के कार्य को परिवर्तित कर स्थायी लायसेंस परीक्षण का कार्य सप्ताह में तीन दिवस सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रात: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। आवेदक उक्त दिवस में स्वयं का वाहन लेकर स्थायी लायसेंस के परीक्षण हेतु शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में उपस्थित हो सकते है।

# नेशनल हाईवे पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को कोतरा रोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **आरोपियों से 1 एंड्रॉयड मोबाइल, डिजीटल घड़ी, मोटर सायकल व 3,000 रुपए नगद बरामद**
- **दोनो को चोरी के अपराध में भेजा गया रिमांड पर**

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर कोतरारोड़ पुलिस को नेशनल हाईवे 49 पर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की मोबाइल, डिजीटल घड़ी, नकदी रुपए और आरोपियों की बाइक जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

चोरी की घटना को लेकर 23 जुलाई 2024 को थाना कोतरारोड़ में कन्हैया खड़िया (उम्र 25 साल) निवासी ग्राम बनहर द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि रायगढ़ के मोबाइल शॉप में काम करता है, प्रतिदिन की भाँति 02 जुलाई की रात ड्यूटी के बाद रायगढ़ से अपने मोटर सायकल पर घर बनहर जा रहा था कि रात्रि करीब 10:30 बजे नेशनल हाईवे 49 में गेजामुडा चौक के पास मोटरसाइकिल खड़ी कर हैंडल में अपने बैग को लटका कर कुछ दूरी पर पेशाब कर रहा था। उसी समय दो लड़के मोटरसाइकिल में आकर रुके फिर वहां से चले गए। कन्हैया खड़िया पेशाब कर मोटरसाइकिल के पास आया तो देखा उसके मोटरसाइकिल पर रखा बैग नहीं था। बैग के अंदर मोबाइल, घड़ी, पर्स, टिफिन, रेनकोट नगदी रकम रु.7000 को वही दो अज्ञात युवक चोरी कर ले गए जिस पर थाना कोतरारोड़ में अपराध क्रमांक 260/2024 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर रवाना हुए और गेजामुडा चौक तथा एनएच के दुकान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ किये। इसी दरमियान मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी को गेजामुडा चौक पर जूटमिल क्षेत्र के दो युवक योगेश चौहान उर्फ गोलू तथा चंद्रकांत बंजारे को पान ठेले में खड़े होना और मुंह पर कपड़ा बांधकर हाईवे पर घूमते देखना बताया। मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी और उनकी टीम दोनों संदेही की पतासाजी करते हुए जोरापाली में दबिश दिया गया दोनों वहां से भाग गए थे। पुलिस दोनों की पतासाजी करते हुए उनके घर पहुंची और दोनों संदेही- चंद्रकांत बंजारे और योगेश चौहान उर्फ गोलू दोनों निवासी राजीव नगर जूटमिल को हिरासत में ली। दोनों से सख्ती से पूछताछ करने पर वे बताएं कि हाईवे में मोटर सायकल पर राहगीरों से चोरी के इरादे से रात में घूमा करते हैं और मौका देखकर चोरी को अंजाम देते हैं। उन्होंने 2 जुलाई की रात एक युवक के मोटरसाइकिल के हैंडल पर टंगा बैग चोरी कर भाग जाना बताएं जिसमें मोबाइल, डिजिटल घड़ी,बैग, रेनकोट, टिफिन और रुपए मिले थे। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 02 एंड्राइड मोबाइल, एक डिजिटल घड़ी, बैग, रेनकोट, टिफिन, घटना में प्रयुक्त होंडा SP 125 मोटरसाइकिल, खर्च के बाद बच्चे रु.3000 की जप्ती की गई है।

आरोपी योगेश चौहान को कोतरारोड़ एवं जूटमिल पुलिस द्वारा पूर्व में चोरी और लूट के मामले में चालान की है, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर आरोपी पर पुलिस निगाह रखे हुये थी। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आज दोनों आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के हमराह प्रधान आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक चंद्रेश पांडे और टिकेश्वर यादव की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी- (1) योगेश चौहान उर्फ गोलू पिता प्रदीप चौहान उम्र 26 साल (2) चंद्रकांत बंजारे धनीराम बंजारे उम्र 32 साल.दोनों निवासी मिट्ठूमुडा राजीव नगर मिट्ठूमुडा थाना जूटमिल

जब्त मशरूका- 01 नग एंड्रॉयड फोन, एक डिजिटल घड़ी, बैग, एक रेनकोट, एक टिफिन रु.3000 नगद घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा SP 125 जुमला कीमती रु.70,000।

## दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्तता प्रमाण-पत्र बनाने राज्य स्तरीय शिविर 25 जुलाई को रायपुर में

- **प्रतियोगी परीक्षा के बाद प्रवेश के लिए पड़ती है इसकी जरूरत**

**रायगढ़**

दिव्यांगजनों को विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उपयुक्तता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना जरूरी होता है। छत्तीसगढ़ राज्य के दिव्यांगजनों को इस प्रमाण-पत्र के लिए जबलपुर जाना होता है। राज्य के शिक्षित दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए भारत सरकार श्रम मंत्रालय के नेशनल कैरियर सेंटर फॉर डिफरेंटली एबल्ड जबलपुर एवं विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों हेतु नियोजित) रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों को उपयुक्तता प्रमाण-पत्र (सूटेबिलिटी सर्टिफिकेट) प्रदान करने के लिए 25 जुलाई गुरूवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन सवेरे 10 बजे से सह शिक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार रायपुर में किया जा रहा है।

पीईटी/पीएटी/प्री एमसीए/प्री.बीएससी नर्सिंग/प्री एमएससी नर्सिंग/प्री बीएड आदि प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपयुक्तता प्रमाण-पत्र आवश्यक जमा करना होता है। रायपुर में आयोजित इस शिविर में दिव्यांगता का परीक्षण कर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपयुक्तता की जाँच कर उपयुक्तता प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा।

शिविर में भाग लेने हेतु दिव्यांग अभ्यर्थी को जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, आरक्षित वर्ग के लिए जाति प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार के 2 नग फोटो तथा यदि व्यापम द्वारा आयोजित किसी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुआ हो तो उसका प्रवेश पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। शिविर में आने-जाने हेतु किसी प्रकार का मार्गव्यय देय नहीं होगा। इस शिविर के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क कर सकते हैं।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल, रायगढ़ शहर में 3.14 करोड़ के सड़कों के काम स्वीकृत

- **रायगढ़ में अधोसंरचना विकास को तेजी से दिया जा रहा मूर्त रूप**

**रायगढ़**



प्रदेश के वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ शहर में सड़कों के निर्माण के 3.14 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग से मिली है। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों की मांग को पत्र लिखकर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के समक्ष रखा था। जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है।

वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी की पहल पर रायगढ़ शहर के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। वित्त मंत्री चौधरी के निर्देश पर शहर में डामरीकृत सड़कों के निर्माण पर फोकस किया है। जिससे शहर के भीतर लोगों को आवागमन के लिए सुंदर और सुगम सड़कें मिलें। इसके साथ ही रायगढ़ में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी अधोसंरचना विकास को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिससे शहर में सभी वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं जल्द विकसित की जा सके।

### 3.14 करोड़ से 4 डामरीकृत सड़कों का होगा निर्माण

जिन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है वे डामरीकृत सड़कें होंगी। इसमें 1 करोड़ 8 लाख 42 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 21 सर्किट हाऊस से हाऊसिंग बोर्ड तक बीटी रोड, इसी तरह वार्ड क्रमांक 27 अतरमुड़ा से मंगल भवन तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 83 लाख 51 हजार रुपये, वार्ड क्रमांक 32 सर्वेश्वरी स्कूल से 25 एमएलडी एसटीपी प्लांट एवं गीता ट्रेडर्स से बांझीनपाली तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 78 लाख 53 हजार रुपये एवं वार्ड क्रमांक 17 हण्डी चौक से अनाथालय होते हुए नीलांचल भवन तक एवं गणेश मंदिर होते हुए बस स्टैण्ड तक बीटी रोड रिपेयरिंग कार्य हेतु 44 लाख 12 हजार रुपये शामिल है।

## महिला की आकस्मिक मौत के मामले में पड़ोसी युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज

- **प्रेम संबंध के बाद शादी करने से इनकार पर क्षुब्ध होकर महिला ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या**
- **जांच में मिले महिला के शारीरिक और मानसिक शोषण के सबूत, जूटमिल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**रायगढ़**



थाना जूटमिल अंतर्गत महिला के आकस्मिक मौत मामले में जूटमिल पुलिस द्वारा मर्ग जांच पर पड़ोसी युवक विजय खड़िया (उम्र 26 साल) के विरूद्ध महिला को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक महिला द्वारा 22 अप्रैल के दोपहर अपने घर के परछी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 32/2024 धारा 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही किया गया तथा जप्ती योग्य साक्ष्य का हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण कराया गया। मर्ग जांच में गवाह और वारिसान बताएं कि मृतिका और विजय खड़िया के बीच प्रेम संबंध था। पिछले एक साल से विजय खड़िया द्वारा महिला को पत्नी बनाकर रखने का विश्वास देकर शारीरिक शोषण करता रहा और फिर अपनी बातों से मुकर गया जिससे महिला परेशान थी और एक दिन अपने सारे सामान लेकर विजय के घर चली गई। विजय उसे वापस घर जाने बोला, तब महिला अपने घर आ गई। विजय खड़िया के शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर 20 अप्रैल को महिला फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच में आरोपी विजय खड़िया द्वारा महिला को शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ित करने के पुख्ता साक्ष्य पाये जाने पर मर्ग जांच से दिनांक 22/07/2024 को थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 335/2024 धारा 306 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया। आरोपी के फरार होने से पहले जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी विजय खड़िया के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल किया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर मामले की जांच तथा आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## रेलवे ट्रैक के खंभे पर चढ़ा युवक करंट से झुलसा, कमर भी टूटी

- **घायल युवक की मदद के लिए देवदूत बनकर पहुंचे डायल 112 स्टाफ**
- **लकड़ी का स्टेचर बनाकर घायल को वाहन तक लाए और पहुंचाए अस्पताल**

**रायगढ़**



मानव सेवा परमो धर्म: की भावना से डायल 112 की आपातकालीन सेवा एक बार फिर एक घायल युवक के लिए देवदूत साबित हुई। दरअसल आज सुबह थाना धरमजयगढ़ के राइनो-1 को ग्राम आमापाली रेलवे ट्रैक के समीप करंट से झूलसे युवक के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ। सूचना पर तत्काल डायल 112 धरमजयगढ़ राइनो में आरक्षक जयप्रकाश एक्का और ईआरवी वाहन चालक अमित भगत आमापाली पहुंचे। जहां रेलवे ट्रैक के खंभे के नीचे एक करंट से झुलसा युवक मिला जिसके कमर में भी काफी चोटें रहने से खड़ा नहीं हो पा रहा था। डायल 112 स्टाफ द्वारा घायल युवक से पूछताछ करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक प्रतीत नहीं हुई। डॉयल 112 के जवान ने उसके परिजन का पता लगाकर सूचना दी गई और गांववालों से मदद लेकर एक लकड़ी का स्टेचर तैयार किये और घायल को लिटाकर करीब डेढ किलोमीटर चलकर डॉयल 112 वाहन तक लाये और वाहन से सीएचसी धरमजयगढ़ ले जाकर भर्ती किये। घायल युवक अमित कुमार अगरिया (उम्र 18 साल) निवासी लक्ष्मी नगर थाना धरमजयगढ़ के पिता मुन्ना राम अगरिया ने बताया कि उसके बेटा बीमार है, घर में ही रहता है। कल रात्रि 3:00 बजे उठकर घर का बाहर से दरवाजा बंद कर भाग गया था जिसे खोजबीन कर रहे थे। डायल 112 के स्टाफ के सूझबूझ और सेवाभाव से किये गये कार्य की परिजनों और आमजन द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है।

## सेजेस कोतरा में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत खेल और फिटनेस के महत्व पर हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**रायगढ़**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मूल भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी तरसिला एक्का, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी आलोक स्वर्णकार के नेतृत्व में प्राचार्य जे.एल. नायक के मार्गदर्शन में खेल और फिटनेस के महत्व पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें चारों हाउस, अरपा, शिवनाथ, महानदी, इंद्रावती के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अरपा हाउस के विद्यार्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में व्याख्याता विमला भगत एवं व्याख्याता सीताराम गुप्ता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ व्याख्याता विजय कुमार प्रधान ने खेल के महत्व का जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल और फिटनेस खेल खेलना आम तौर पर आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपका मन और मानसिक स्वास्थ भी बेहतर रहता है। दरअसल खेल जैसे गतिविधियां आपके ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करती हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है। कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता बीर सिंह ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता श्यामा पटेल, नीलू भारद्वाज, अनीता रजनी एक्का, आशु खूंटे, माधुरी नायक एवं सभी का योगदान सराहनीय रहा।

## 25 जुलाई को होगा बारहवीं के अंग्रेजी विषय की पूरक परीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल पूरक परीक्षा 23 जुलाई 2024 से 12 अगस्त 2024 तक चल रहा है। इन परीक्षाओं के लिए समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित तिथि अनुसार दिनाँक 25.07.2024 दिन-गुरूवार को विषय- अंग्रेजी

दिनाँक 26.07.2024 दिन-शुक्रवार को विषय- संरकृत

दिनाँक 27.07.2024 दिन-शनिवार को विषय- इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, ड्राईंग एंड पेंटिंग, आहार एवं पोषण (फूड एण्ड न्यूट्रीशन),

दिनाँक 30.07.2024 दिन-मंगलवार को विषय- भूगोल, भौतिक शास्त्र, दिनाँक 31.07.2024 दिन-बुधवार को विषय- समाज शास्त्र,

दिनाँक 01.08.2024 दिन-गुरूवार को विषय- राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा (फिजियोलॉजी एंड फर्स्ट एड), दिनाँक 03.08.2024 दिन-शनिवार को विषय-मनोविज्ञान,

दिनाँक 06.08.2024 दिन-मंगलवार को विषय- गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन (कला एवं वाणिज्य), भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टायपिंग, कृषि (कला), गृह विज्ञान (कला), वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल तत्व, दिनाँक 08.08.2024 दिन-गुरूवार को विषय- जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी मतस्य एवं कुक्कट पालन, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व,

दिनाँक 10.08.2024 दिन-शनिवार को विषय- रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आटोमोबाईल सर्विस टेक्निशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्वर, मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट, टेलीकम्यूनिकेशन, बैंकिग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस (बीएफएसआई), ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर,

दिनाँक 12.08.2024 दिन-सोमवार को विषय- मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़, उड़िया की परीक्षा आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई 2024 मंगलवार को हिन्दी विषय का पूरक परीक्षा आयोजित किया गया था।

### दसवीं के अंग्रेजी विषय की पूरक परीक्षा 26 जुलाई को होगी-

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाईस्कूल पूरक परीक्षा 24 जुलाई 2024 से 08 अगस्त 2024 तक संचालित है। इन परीक्षाओं के लिए समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित तिथि अनुसार दसवी कक्षा के लिए दिनाँक 26.07.2024 दिन शुक्रवार को विषय द्वितीय भाषा अंग्रेजी, दिनाँक 29.07.2024 दिन सोमवार को विषय गणित, दिनाँक 31.07.2024 दिन बुधवार को विषय विज्ञान, दिनाँक 02.08.2024 दिन शुक्रवार को विषय व्यावसायिक पाठ्यक्रम आर्गनॉइज्ड रिटेलिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आटोमोबाईल सर्विस टेक्नीशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मिडिया एण्ड इंटरटेनमेंट. टेली कम्यूनिकेशन, बैंकिग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस (बीएफएसआई) ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, दिनाँक 05.08.2024 दिन सोमवार को विषय सामाजिक विज्ञान, दिनाँक 07.08.2024 दिन बुधवार को विषय तृतीय भाषा संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलगू, तमिल, मलयालम, कन्नड, उड़िया, दिनाँक 08.08.2024 दिन गुरूवार को विषय-केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत, केवल मूक तथा बधिर छात्रों के लिए ड्राईग एंड पेंटिंग की पूरक परीक्षा आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि दिनाँक 24 जुलाई को विषय-प्रथम भाषा-हिन्दी विषय का पूरक परीक्षा आयोजित किया गया था।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480